# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब, जालंधर

## भय था
## भविष्य कहीं न छुप जाए
## प्रगति कहीं न रुक जाए
## तो सोचा
## हर घर गुरुकुल बन जाए

प्रयासरत :

**कंचन वासन**
**हिंदी शिक्षिका**
**सरकारी कन्या हाई स्कूल**
**शाहकोट (जालंधर)**




# भाषा शिक्षण एक कला

# भाषा शिक्षण एक कला

## कक्षा - नौवीं
## व्याकरण भाग
## पाठ - १
## भाषा और लिपि

सौजन्य:

पढ़ो पंजाब
पढ़ाओ पंजाब

कंचन वासन
हिंदी शिक्षिका
सरकारी कन्या हाई स्कूल
शाहकोट (जालंधर)

प्रिय छात्र गण,
भाषा एक माध्यम है अपने विचारों को प्रकट करने का। यह सूचनाएं आदान - प्रदान करने का एक जरिया है। भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती है। प्रत्येक भाषा का स्वरुप अलग है, परंतु सभी भाषाओं की उपयोगिता समान है। अगर आपको भाषा का ज्ञान नहीं है तो आप कुछ पढ़ नहीं पाएंगे, लिख नहीं पाएंगे जिससे आप अधिकांश तकनीकों एवं सुविधाओं का लाभ नहीं ले सकते। यदि आप कुछ करना चाहते हैं, कुछ कहना चाहते हैं, किसी से कुछ पूछना या कुछ बताना चाहते हैं, तो भाषा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। पशु, पक्षी, मानव यहाँ तक कि कंप्यूटर की भी अपनी एक भाषा होती है।

कंचन वासन

**पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब**

# भाषा

जिस साधन के द्वारा मनुष्य अपने मन के भावों या विचारों को बोलकर या लिखकर प्रकट करता है, उसे भाषा कहते हैं।

## भाषा के दो रूप हैं

**मौखिक भाषा**

मूल इकाई

**ध्वनि**

**लिखित भाषा**

मूल इकाई

**वर्ण**

कंचन वासन

# लिपि

मौखिक ध्वनियों को लिखकर प्रकट करने के लिए जो चिह्न प्रयोग में लाये जाते हैं, उन्हें लिपि कहते हैं।

विश्व में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं जिनको लिखने के लिए अनेक लिपियाँ हैं। कुछ भाषाओं और उनकी लिपियों के नाम इस प्रकार हैं :

| **भाषा** | **लिपि** | **उदाहरण** |
|---|---|---|
| हिंदी | देवनागरी | वह स्कूल जाती है। |
| पंजाबी | गुरुमुखी | ਉਹ ਸਕੂਲ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। |
| संस्कृत | देवनागरी | सा विद्यालयं गच्छति। |
| अंग्रेज़ी | रोमन | She goes to school. |

देवनागरी, गुरुमुखी व रोमन लिपियाँ बायीं ओर से दायीं ओर को लिखी जाती हैं।

## अन्य कुछ भाषाएँ और उनकी लिपियाँ

| **भाषा** | **लिपि** | **लिखने का ढंग** |
|---|---|---|
| फ्रेंच, जर्मन | रोमन | बायीं ओर से दायीं ओर |
| नेपाली, मराठी | देवनागरी | बायीं ओर से दायीं ओर |
| अरबी | अरबी | दायीं ओर से बायीं ओर |
| उर्दू, फारसी | फारसी | दायीं ओर से बायीं ओर |

# व्याकरण

व्याकरण वह शास्त्र है जिसके द्वारा हम भाषा के नियमों को जानकर शुद्ध बोलना, पढ़ना व लिखना सीखते हैं।

## व्याकरण के मुख्यत: तीन अंग हैं:

**वर्ण - विचार**

**शब्द - विचार**

**वाक्य - विचार**

कंचन वासन

# अभ्यास

प्रश्न 1. भाषा के कितने रूप हैं ? उनके नाम लिखिए।
उत्तर -भाषा के दो रूप हैं।
मौखिक भाषा और लिखित भाषा।

प्रश्न 2.व्याकरण के मुख्यत: कितने अंग हैं? उनके नाम लिखिए। उत्तर-व्याकरण के मुख्यत: तीन अंग हैं: -
(I) वर्ण विचार (II) शब्द विचार (III) वाक्य विचार।

प्रश्न 3. रचना की दृष्टि से भाषा की सबसे लघु इकाई का नाम लिखिए।
उत्तर-रचना की दृष्टि से भाषा की सबसे लघु इकाई वर्ण है।

प्रश्न 4. मौखिक भाषा की आधारभूत इकाई क्या है ?
उत्तर-मौखिक भाषा की आधारभूत इकाई ध्वनि है।

प्रश्न 5. हिंदी की लिपि कौन-सी है ?
उत्तर- हिंदी की लिपि देवनागरी है।

# अभ्यास

प्रश्न 6. पंजाबी की लिपि का नाम लिखिए।
उत्तर- पंजाबी की लिपि का नाम गुरुमुखी है ।

प्रश्न 7. रोमन लिपि किस भाषा की है ?
उत्तर-रोमन लिपि अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन भाषा की है।

प्रश्न 8. बायीं ओर से दायीं ओर लिखी जाने वाली किसी एक भाषा और लिपि का नाम लिखिए।
उत्तर-भाषा-नेपाली,मराठी,हिंदी
लिपि-देवनागरी।


प्रश्न 9. दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाने वाली किसी एक भाषा और लिपि का नाम लिखिए।
उत्तर-भाषा- अरबी,फ़ारसी, उर्दू
लिपि-फ़ारसी।

प्रश्न 10. नेपाली और मराठी भाषाओं की लिपि कौन सी है?
उत्तर-नेपाली और मराठी भाषाओं की लिपि देवनागरी है।

# भाषा शिक्षण एक कला

धन्यवाद

घर पर रहिए, सुरक्षित रहिए



कंचन वासन

हिंदी अध्यापिका

शाहकोट (जालंधर)